**8. कौन ऐसा**

नीचे लिखी चीज़ों जैसी कुछ और चीज़ों के नाम सोचकर लिखो–

| | | |
|---|---|---|
| **(क)** | **जुगनू जैसे चमकीले** | **..............................** |
| **(ख)** | तारों जैसे झिलमिल | .............................. |
| **(ग)** | हीरों जैसे दमकते | .............................. |
| **(घ)** | फूलों जैसे सुंदर | .............................. |

**उत्तर**

| | | |
|---|---|---|
| **(क)** | **जुगनू जैसे चमकीले** | **तारे** |
| **(ख)** | तारों जैसे झिलमिल | रोशनी के छोटे-छोटे बल्ब |
| **(ग)** | हीरों जैसे दमकते | ओस की बूँदे |
| **(घ)** | फूलों जैसे सुंदर | मुख |

**10. रूप बदलकर**

चमक-चमकना-चमकाना-चमकवाना

'चमक' शब्द के कुछ रूप ऊपर लिखे हैं। इसी प्रकार नीचे लिखे शब्दों का रूप बदलकर सही जगह पर भरो–

दमक, सरक, बिखर, बन

(क) ज़रा सा रगड़ते ही हीरे ................... शुरू कर दिया।

(ख) तुम यह कमीज़ किस दर्ज़ी से ......................... चाहते हो?

(ग) साँप ने धीरे-धीरे ................... शुरू कर दिया।

(घ) लकी को मूर्ख ................ तो बहुत आसान है।

(ङ) तुमने अब खिलौने ................... बंद कर दिए?

**उत्तर**

(क) ज़रा सा रगड़ते ही हीरे ने दमकना शुरू कर दिया।
(ख) तुम यह कमीज़ किस दर्ज़ी से बनवाना चाहते हो?
(ग) साँप ने धीरे-धीरे सरकना शुरू कर दिया।

(घ) लकी को मूर्ख बनाना तो बहुत आसान है।

(ङ) तुमने अब खिलौने बिखेरने बंद कर दिए हैं।